ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RR**

Question Paper Serial No. **600**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 01. 07. 2022 ] [ Date : 01. 07. 2022
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ-1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

### *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।



**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'स्थिर' शब्द का विलोम रूप है –

(A) स्थिरता (B) स्थिति

(C) अस्थिर (D) परिस्थिति ।

2. उसका नाम गिल्लू है ।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम (B) प्रश्नवाचक

(C) विस्मयादिबोधक (D) अल्प विराम ।

3. दुकानदार ने सेब लिफाफे .................... रखा ।

(A) से (B) का

(C) को (D) में ।

4. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) चादर (B) कपड़े

(C) चीज़ (D) बात ।

5. 'पीना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) पीता
(B) पिलवाना
(C) पिलाना
(D) पीला ।

6. 'सहानुभूति' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ
(B) गुण
(C) व्यंजन
(D) वृद्धि ।

7. निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास का उदाहरण है –

(A) जलप्रपात
(B) राजवंश
(C) राजमहल
(D) माता-पिता ।

8. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है –

(A) लेखक
(B) मयूरी
(C) पिता
(D) श्रीमान ।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. कालानाग : पर्वत : : गंगोत्री : .................. ....

10. नागपुर : संतरा : : कश्मीर : ......................

11. चुगलखोर : बलराम : : भोला-भाला : ......................

12. प्रताप : छोटा भाई : : बसंत : ....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. आज की दुनिया कैसी है ?

14. कलामजी के बचपन में दुर्लभ वस्तुएँ क्या थीं ?

15. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

16. लेखक को कहाँ ठहराया गया ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

18. लेखक परसाईजी ने मंत्री को कैसे समझाया ?

19. गाजर के बारे में प्रेमचंदजी के विचार लिखिए ।

20. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?

21. ई-गवर्नेन्स क्या होता है ?

22. नमाज की प्रासंगिकता के बारे में जैनुलाबदीन के विचार बताइए ।

23. टाइटन का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

शनि को सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह क्यों कहा जाता है ?

24. सत्य के बारे में शास्त्रों में क्या कहा गया है ?

**अथवा**

झूठ का सहारा लेने से क्या होता है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए ।

26. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

27. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

28. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या किया ?

30. अहमद जलालुद्दीन का परिचय दीजिए ।

31. कवि दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान को एक ।

पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं । यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है । सचमुच इंटरनेट एक वरदान है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री में दिन कैसे बिताये ?

**अथवा**

गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ........................................... .

. ........................................................

.........................................................

............................................. भागो तुम ।

**VII. 36. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**4 × 1 = 4**

मनुष्य प्रकृति पर निरंतर प्रहार करता आ रहा है । अब उसका परिणाम सामने आया है । प्रकृति का विकोप बढ़ रहा है । जैसे, जल मालिन्य से जलचर मर रहे हैं । पानी पीने योग्य नहीं रह गया है । वायु मालिन्य के कारण 'अम्ल वर्षा' हो रही है । इससे साँस से संबंधित बीमारियाँ फैल रही हैं । अब आदमी की आँखें खुल गयी हैं । प्रदूषण को दूर करने के उपाय सोच रहा है । मनुष्य का स्वार्थ ही पर्यावरण के नाश

के लिए मुख्य कारण है । वह अपने स्वार्थ के लिए प्राकृतिक संपत्ति का नाश कर रहा है । अनजान में मनुष्य अपनी कब्र खुद खोद रहा है ।

अ) जलचर क्यों मर रहे हैं ?

आ) 'अम्ल वर्षा' क्यों होती है ?

इ) पर्यावरण के नाश का मुख्य कारण बताइये ।

ई) मनुष्य अपनी ही कब्र कैसे खोद रहा है ?

**VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) **मोबाइल फोन : एक शिक्षा साधन**

* प्रस्तावना
* शैक्षणिक उपयोग
* जानकारी एकत्र
* उपसंहार ।

ख) **महँगाई**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ महँगाई के कारण
- ✳ महँगाई के परिणाम
- ✳ महँगाई दूर करने के उपाय
- ✳ उपसंहार ।

ग) **इंटरनेट**

- ✳ प्रस्तावना
- ✳ अर्थ
- ✳ लाभ
- ✳ प्रभाव
- ✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. तीन दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षणिक प्रवास जाने के लिए अनुमति व रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।